should be mainly ours, and we have to examine very carefully as to whether we shall continually get crude oil. In this connection, we are holding consultations between ourselves and the oil companies on the one hand, and also, we are trying on the other hand to find out the avenues of availability of crude oil at a price which may not be higher than what we are already paying . . .

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, the trouble with the Minister is this , . .

SHRI K. D. MALAVIYA: Will you please listen to me ?

SHRI BHUPESH GUPTA: I did not ask him to tell me what I already knew. I asked him to tell me what I do not know, that is, whether the oil concerns have told him and the Government, should they proceed with the plan of take-over or, what they call, control, they would not be in a position to get crude from the Gulf area.

SHRI K. D. MALAVIYA: No, Sir. On the other hand, the oil companies have increased the price of the crude that they are supplying to us, and while they have increased the price of crude oil that is supplied to the refineries here, they have not given us any notice and they explain to us why they are doing it. They say they are compelled to increase the price because the price of the oil that they are getting is competitive in the world. It is for us to decide whether we should accept that oil or not.

SHRI N. G. GORAY: Sir, in view of the fact that this stringency of oil is likely to continue for a long time, I would like to know two things. One is whether we are anywhere near finalisins: a fuel policy. Number 2 is whether the other affected developing countries have been contacted and whether it is possible for all the developing countries who are in need of crude oil to evolve a uniform policy.

SHRI K. D. MALAVIYA: As I said, Sir, I do not think it will be possible for all the developing countries to evolve a uniform policy for procuring crude oil because the major developing countries are also countries which have got plenty of crude oil. And there are countries which have no crude oil and there are developed countries which are also short of oil or are self-sufficient in oil. So, that is not a very relevent question—to find out from our side as to how we can evolve a common formula to solve this problem. But, in regard to leaning on other sources of energy, all over the world efforts are now being made and India also is making its own effort to find out different sources of energy.

SHRI NABIN CHANDRA BURAGOHAIN: Saudi Arabia is a major member of OPEC which has expressed a keen desire in helping developing countries, particularly India, by reduction of crude prices. May I know whether the Government had negotiated directly with the other members of OPEC for the purpose of creating an impact on the minds of Saudi Arabia and the other members and, if so, what the details are ?

SHRI K. D. MALAVIYA: Yes, Sir. We are trying to contact each individual country — which is a member of OPEC—where it is possible for us to get oil at convenient prices. But for instance v/e cannot negotiate with Venezuela or Algeria which are far off because freight and distance are clearlv before us. But there are countries like Saudi Arabia and Abu Dhabi and others with whom we are in touch and we are trying our level best to arrange for crude oil at as cheap a price a« possible.

**Allotment of a plot for Railway City Booking Office**

382. SHRI RABI RAY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a plot measuring 800 square yards near Novelty cinema in Delhi belonging to the Northern Railway has been allotted to one Shri Prem Chander of Indira Market, subzimandi,

Delhi for running a Railway City Booking Office; and

(b) if so, what are the details in this regard ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SARDAR BUTA SINGH): (a) A piece of land measuring 400 square yards, from the vacant Railway plot available along the Queen's Road near Delhi Junction station has been offered to a Harijan named Shri Prem Chander on lease basis. No lease agreement has yet been concluded.

(b) The lessee can use the plot only for setting up a City Booking Agency. He will have to pay rent of the plot, based on the prevailing market rates and will have to hand over vacant possession of the plot to the Railway on a month's notice.

**श्री रबी राय** : मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या यह सही है कि नार्दर्न रेलवे के जो जनरल मैनेजर हैं, सी० एस० परमेश्वरन्, उन्होंने इस जमीन को प्रेमचन्द को न देने के सिल-सिले में कोई नोट दिया था ? जब नोट दिया था तो इनकी शिकायत उसमें क्या थी ?

**श्री बूटा सिंह** : यह ठीक है कि जिस वक्त भी कोई नया प्रपोजल आता है तो आफिस की तरफ से उसपर कोई न कोई नोट जरूर होता है। इस केस में चूंकि हरिजन का मसला था, उसको आबाद करने का मसला था, तो जो नोट था उसके मुताबिक जो मिनिस्टर साहब ने हुक्म दिया है वह ओवरराइडिंग प्रायोरिटी का है।

**श्री रबी राय** : मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो प्रेम चन्द जी के बारे में ज़िक्र कर रहे हैं कि ये हरिजन हैं, इनके बारे में ज्यादा ब्यौरा मैं चाहता हूं कि वह कहां रहते हैं, क्या करते हैं। यह जो मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट है इसके लिए उस जमीन की जरूरत थी और परमेश्वरन जो नार्दर्न रेलवे के जनरल मैनेजर है उनको इसमें आपत्ति थी कि इस जमीन को उसको न दिया जाए। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि सिटी बुकिंग आफिस किसी प्राइवेट इंडिविजुअल को न देने के लिए सरकार की नीति पहले से है कि यह किसी प्राइवेट इंडिविजुअल को नहीं देनी चाहिए जब कि मैट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए भी इस जमीन की जरूरत थी ? नार्दर्न रेलवे को भी उस जमीन की जरूरत थी। इस पृष्ठभूमि में, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि पहले मंत्री महोदय परमेश्वरन के साथ राजी हो गये हैं कि किसी को नहीं देनी चाहिए फिर फाइल मंगवाकर क्यों उसको 400 वर्ग गज जमीन दी गई ?

**श्री एल० एन० मिश्र** : यह अजीब सी बात है कि जो हरिजन हैं ये एक भूतपूर्व संसद् सदस्य लोटूनराम जी के पुत्र हैं और उसकी आर्थिक हालत खराब थी। इस संसद् के दोनों हाउसेज के कुछ सदस्य हमसे मिले। इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है। हमने कहा है कि एक महीने के भीतर उनको खाली कर देना होगा। साढ़े 13 हजार रुपया उनको रेंट देना होगा। अभी तक वह जमीन बेकार पड़ी हुई थी। इसमें नोट लिखा हुआ था कि जिस दिन रेलवे को आवश्यकता होगी उस दिन खाली करना पड़ेगा। जो रेलवे का मेट्रोपोलिटन प्रोजेक्ट है उसको अभी इस जमीन की आवश्यकता नहीं है। जिस दिन होगी उनको खाली करना होगा। साढ़े 13 हजार रुपये की इनकम हुई तो कौनसी नुकसान की बात हुई ?

**श्री रबी राय** : मंत्री महोदय जान-बूझकर सदन को गुमराह कर रहे हैं और यह बहाना कर रहे हैं कि कुछ एम० पी० लोग उनके पास रिप्रेजन्टेशन किये थे। क्या रेलवे के जो जनरल मैनेजर है उन्होंने कहा था कि डिपार्टमेंट के लिए इस जमीन की जरूरत है ? डिपार्टमेंट का आदमी सिटी बुकिंग आफिस को चला सकता है ?...

*(Interruptions)*

**श्री बूटा सिंह** : इसमें नार्दर्न रेलवे ने ऐसी कुछ बात नहीं कही है कि इस जमीन की तत्काल जरूरत है। भविष्य में भी इसकी जरूरत पड़ सकती है। मगर आप जैसा कहते हैं वैसा नहीं है। यह टेम्पोरेरी बात है, इसमें शर्त है कि एक

महीने के नोटिस में इसको खाली करना है। जो स्ट्रक्चर होगी वह भी टैम्पोरेरी नेचर की होने वाली है।

श्री रबी राय : मेरा सवाल था कि क्या नार्दर्न रेलवे के जनरल मैनेजर ने यह भी कहा था कि मैट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए इस जमीन की जरूरत थी ? वह कह रहे हैं कि खाली पड़ा था। इसलिए इसको साफ करें कि मैट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को इस जमीन की जरूरत थी कि नहीं ?

श्री बूटा सिंह : मैट्रोपोलिटन रेलवेज की तरफ से हमारे पास कोई ऐसा सुझाव या प्रपोजल नहीं है कि फौरन इस जमीन की जरूरत है। माननीय सदस्य ने कोई एक पर्चा पढ़ा है, उसी को लेकर चलते है। उत्तर कोई सुनते ही नहीं हैं।

SHRI T. V. ANANDAN: 1 am glad, the Ministry is eager to grant land for a booking o/Iice. May I know from the Government whether it is not a fact that during Prime Minister Nehru's period a policy decision was taken by the Government of India to allot land for 'grow more food' campaign ? Now our country, our government is faced with the food problem . . .

MR. CHAIRMAN: Please put your supplementary.

SHRI T. V. ANANDAN: May I know whether there are requests from the railwaymen for granting of waste lands, unused lands for growing more food and whether these requests have been turned down or not ?

SHRI BUTA SINGH: This has no relevance to the plot on the Queens Road.

श्री श्याम लाल गुप्ता : मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो सदस्य हैं जिनको आप यह जमीन दे रहे हैं, क्या इनको इस काम का तुजुर्बा है और जैसा कि आप कह रहे हैं वह एक महीने के नोटिस में खाली कर देगा क्योंकि हमने देखा है कि बरसों तक कोई खाली नहीं करता और कोर्ट से स्टे आर्डर ले आता है ? मेरा ख्याल है कि यह जो कहा गया है कि एक महीने के नोटिस में वह खाली कर देगा यह बिल्कुल गलत है और यह मंत्री महोदय हाउस को गुमराह कर रहे हैं ?

SHRI BUTA SINGH: It is wrong to say that we are misleading the House. The deed is yet to be executed. The lease deed has not been executed so far and it is provided in the deed itself that he will be obliged to vacate it within a monlh. The conditions are:—

(i) Shri Prem Chander should furnish to the Railway administration adequate proof of his membership of Scheduled Caste;

(ii) Shri Prem Chander may then be given a suitable piece of land on a lease basis, not the entire land;

(iii) Shri Prem Chander should put up his own structure for setting up a city booking agency office in the allotted plot;

(iv) The structure should be of a temporary nature and its plan should have the prior approval of the Railway administration

(v) A proper lease agreement should be entered into for a specific period, stipulating that he should vacate the possession of the land to the Railways on a month's notice.

So. this is very clear.

SHRI SHYAMLAL GUPTA: Was he acting on his own or was he not acting on behalf of somebody else ?

SHRI BUTA SINGH: If you apply all these restrictions on Harijans. then you will not be able to settle any Harijan.

SHRI KHURSHED ALAM KHAN: May I know if such a small plot of land would be adequate for building the office of the metropolitan transport project?

SHRI BUTA SINGH: It does not relate to this particular question and we are not going to have a metropolitan transport project office here.

**श्री राजनारायण** : पहले मैं यह जानना चाहता हूं कि मंत्री जी ने कहा है कि उसके लिए एम० पी० लोगों की सिफारिश थी तो किन एम० पी० लोगों ने सिफारिश की थी...

**श्री एल० एन० मिश्र** : मैंने ऐसा नहीं कहा।

SHRI N. G. GORAY: He said that MPs. recommended. Wc would like to know their names.

SHRI L. N. MISHRA: I will not give (he names.

**श्री राजनारायण** : जो लोग सदन की कार्रवाई से परिचित रहना चाहते हैं वह सब सुने होंगे कि मंत्री महोदय ने कहा कि कुछ एम० पीज० लोग इनके लिए मेरे पास आए.....

**श्रीमती लक्ष्मी कुमारी चूंडावत** : हरिजनों को देने के लिए।

**श्री राजनारायण** : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री महोदय के पास महाप्रबन्धक श्री सी० एल० परमेश्वरन् ने जो अपनी टिप्पणी भेजी थी उनमें पहली टिप्पणी यह थी :

(1) महानगरीय परिवहन परियोजना अपने कार्यालय के लिए उक्त भूमि चाहती है। यह मामला अभी रेल मंत्रालय में विचाराधीन है।

(2) स्वयं उत्तरी रेलवे को कार्यालय के लिए स्थान की तंगी है और उसे ही कार्यालय-भवन के निर्माण के लिए उक्त स्थान की आवश्यकता पड़ेगी।

(3) रेल मंत्रालय में प्रचलित निर्देशानुसार किसी चालू बुकिंग आफिस से एक निश्चित देरी के अन्दर कोई नई सिटी बुकिंग एजेंसी नहीं खोली जा सकती। इस मामले में नया बुकिंग आफिस चांदनी चौक स्थित बुकिंग आफिस से निर्धारित दूरी के अंतर्गत ही पड़ता है।

(4) मंत्रालय ने भी यही निर्णय किया है कि बड़े नगरों में निजी क्षेत्र के लोगों को सिटी आफिस की एजेंसी नहीं दी जाएंगी और उनका संचालन विभागीय होगा।

(5) किसी भी रेलवे स्टेशन से किसी मंत्रालय ने (व्यवधान) श्री परमेश्वरन् ने जो नोट मंत्रालय को भेजा था विरोध में उसको एक-एक पंक्ति मैं पढ़ रहा हूं आप हल्ला मत मचाइए।

किसी मंत्रालय ने पुनः तत्संबंधी फाइलें खोलीं और प्रेम चन्द को एजेंसी देने के आदेश पर स्वीकृति दे दी।

कांग्रेस दल को संबोधित करते हुए श्रीमती गांधी ने कहा था कि वह किसी भी व्यक्ति अथवा दल से भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी मामले पर विचार-विमर्श करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि वे किसी भी व्यक्ति तथा दलीय भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराएंगी तो मैं जानना चाहता हूं कि मंत्री जी, जो भ्रष्टाचारों के कामों में लगे रहते हैं क्या उन्होंने भ्रष्टाचार के तहत ही इस प्रकार की जमीन की एलाटमेंट नहीं की है और मंत्री जी सफाई के साथ उत्तर दें—पार्लियामेंट के मेम्बरों के नाम और जो दूसरे नाम दे सकें। नियम के तहत यह जमीन नहीं दी जानी चाहिए। उसके रहते हुए भी यह जमीन क्यों दी गई इसके बारे में स्पष्ट सदन को जानकारी दी जानी चाहिए।

**श्री एल० एन० मिश्र** : जहां तक यह जमीन का अलाटमेंट वाला सवाल है, मेरे साथी बूटा सिंह ने सविस्तार बता दिया है। अब जनरल मैनेजर ने क्या भेजा, बोर्ड ने क्या भेजा है और सरकारी फाइलों को खोला जाए, यह ठीक नहीं होगा और मैं आपसे चाहूंगा...

**श्री राजनारायण** : पोइंट आफ आर्डर।

**श्री एल० एन० मिश्र** : सरकारी फाइलों को मैं नहीं खोलना चाहता हूं लेकिन मैं इतना कहना चाहूंगा, हम लोगों ने देखा कि उसका कोई

इमीजिएट यूज रेलवे को नहीं है। 400 गज से कम में मेट्रोपोलिस के आफिस में बुकिंग नहीं होती है इसलिए उस आदमी को टेम्पोरेरी बेसिस पर दिया गया। जहां तक कुछ संसद् सदस्यों के कहने की बात है वह मिलने आए—मुझे याद नहीं है—लेकिन दो-तीन आदमी आए, वे हरिजन थे, और उन्होंने कहा कि उस आदमी के अचानक देहांत हो गया, परिवार के भरण-पोषण का प्रश्न है। हमने प्योरली कंपेशनेट ग्राउंड पर सोचा कि चूंकि पितृहीन हो गया है इसलिए दे दिया जाना चाहिए। इसमें कहां से भ्रष्टाचार आता है, कहां से कौन चीज आती है, मेरी समझ में नहीं आता।

**श्री राजनारायण** : पौइन्ट आफ आर्डर। बिल्कुल स्पष्ट हमने सवाल किया है कि क्या महानिदेशक सी० एस० परमेश्वरन ने रेल मंत्री को एक नोट भेजा? इसके बारे में मंत्री ने कोई उत्तर नहीं दिया और मंत्री कहता है कि हमको अब फाइल खोलने की जरूरत नहीं है, फाइल यहां खुलेगी. . .

**श्री एल० एन० मिश्र** : नहीं खुलेगी।

**श्री राजनारायण** : खुलेगी नहीं तो आप रहेंगे नहीं। हमने उसमें से एक दो मुद्दे ही पढ़े कि महानिदेशक ने अपने नोट में यह लिखा था, यह लिखा। बावजूद इसके कि महानिदेशक के नोट के, मंत्री ने उस जमीन का अलाटमेंट क्यों किया?

दूसरा प्रश्न यह है कि हमारे देश में हरिजन जिंदा जलाए जा रहे हैं, उनके घरों को फूंका जा रहा है, उनके रहने के लिए जगह नहीं, और बड़ी दरियादिली है ललित नारायण बाबू को कि उन हरिजनों को जिनको. . . .

MR. CHAIRMAN: Do not argue. Please resume your seat.

**श्री राजनारायण** : क्यों? आप हमारे सवाल का जवाब दिलाइए।

**श्री बूटा सिंह** : सभापति महोदय. . .

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, हमारा पौइंट आफ आर्डर है श्री ललित नारायण मिश्र के उत्तर से . . . .।

MR. CHAIRMAN: You want my ruling? What is the point of order?

**श्री राजनारायण** : . . . . . . .पौइंट आफ आर्डर में मैंने यह निवेदन किया कि महानिदेशक ने जो यह नोट भेजा कि इसमें ये ये पौइंट हैं, तो यह कहां तक सही हैं इसका उत्तर ललित नारायण मिश्र जी ने नहीं दिया। अब बूटा सिंह बेचारा बलि का बकरा बनता है।

**श्री एल० एन० मिश्र** : काहे बलि का बकरा? हमारा गला काटो।

MR. CHAIRMAN: Any paper pe ing to the correspondence need not be disclosed. You are satisfied ? If you wan' to giv.

SHRI RAJNARAIN : 1 am not sal Not an

MR. CHAIRMAN : It is part of the correspondence.

**श्री राजनारायण** : हम पेपर्स नहीं मांग रहे हैं। मैं कह रहा हूं, महानिदेशक ने एक नोट भेजा, उस नोट में ये मुद्दे हैं। मंत्री सीधा जवाब दें: महानिदेशक ने नोट भेजा है या नहीं? ये उनके मुद्दे है या नहीं? महानिदेशक ने जो कागज भेजा, हमारे पास भी है।

**श्री एल० एन० मिश्र** : यह कहते हैं महानिदेशक ने जो कागज भेजा वह उनके पास है। सरकारी कागज को चुरा कर अपने पास रखते हैं, यह एक कानून है। ये गलत काम करते हैं। महानिदेशक लिखें या कोई लिखे, मिनिस्टर को हक है कि किसी को ओवररूल कर सकता है और जो हमने पब्लिक इन्टरेस्ट में समझा वह हमने किया है और हम उसके साथ हैं।

**श्री राजनारायण** : यह जो ललित नारायण मिश्र जी ने किया अपने सेल्फ इंटरेस्ट में समझिए या अपने हित में कहिए वह किया, जनहित की अवहेलना करके।